**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न ग्रामीण पाईप पेयजल परियोजनाओं के कियान्वयन से सम्बन्धित जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे विकास भवन के सभागार मे दिनांक 20.01.2023 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

दिनाँक 20-01-2023 को सायं 06:00 बजे विकास भवन सभागार मे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारियों के साथ कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

1- जिला विकास अधिकारी, जौनपुर।
2- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जौनपुर।
3- अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4- मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि।
5- मेसर्स एफ0कान0 इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि ।
6- जिला समन्वयक, डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट (डी0पी0एम0यू0) के प्रतिनिधि।
7- डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेपट (टी0पी0आई0) के प्रतिनिधि।
8- जिला समन्वयक उद्यमिता विकास संस्थान, जौनपुर।
9- समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेटेंशन सपोर्ट एजेन्सी के प्रतिनिधि।

जल जीवन मिशन सर्वेक्षण जनवरी-2023 की वेबसाईट रिपोर्ट दिनांक 20.01.2023 के अनुसार प्रगति में **नेशनल रैंक कैटेगरी मे जनपद जौनपुर 29वें तथा प्रदेश रैंक कैटेगरी मे जनपद जौनपुर 21वें स्थान पर है।** प्रगति का विवरण निम्नवत है।

1- भौतिक प्रगति मे अवशिष्ट कवरेज एफ0एच0टी0सी0 के तहत किये गये कनेक्शन के पश्चात गृह संयोजन मे अभी तक जनपद को अधिकतम अंक 50 के सापेक्ष जनपद को 13.787 अंक प्राप्त हुए है।

2- जल गुणवत्ता के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में परिवारों को पाइप लाईन से उपलब्ध कराये जा रहे जल नमूनों की जॉच एफ0टी0के0 एवं प्रयोगशाला के माध्यम से कराये जाने के कम में ग्रामो के प्रतिशत मे अधिकतम 10 अंक के सापेक्ष जनपद को 0.0548 अंक प्राप्त हुए हैं।

3- ग्राम पंचायत में पर्सनल वेव सर्वे के पाईप वाटर सप्लाई सैम्पल का परीक्षण एफ0टी0के0 एवं प्रयोगशाला में कराये जाने का प्रतिशत मे अधिकतम अंक 10 के सापेक्ष 0.0552 अंक प्राप्त हैं।

4- ग्राम पंचायत में एफ0टी0के0 टेस्टिंग में महिलाओं को प्रशिक्षित करने का प्रतिशत अधितम 10 अंक के सापेक्ष 9.248 अंक प्राप्त हुए हैं।

5- ग्रामो का प्रतिशत जहां पर ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समितियां है मे अधिकतम अंक 10 सापेक्ष 10 है।

6- संस्थागत व्यवस्था मे ग्राम पंचायत में स्किल मैन पावर में प्रशिक्षित करने का प्रतिशत अधिकतम अंक 10 के सापेक्ष जनपद को 0.003 अंक प्राप्त है।

जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कुल 3153 डी0पी0आर0 की स्वीकृति के सापेक्ष 3017 डी0पी0आर0 राज्य स्तर से स्वीकृत हुआ है। शेष 136 डी0पी0आर0 मे से 93 डी0पी0आर0 डी0डब्लू0एस0एम0 पर स्वीकृति हेतु मेसर्स एफ0कान0 इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा प्रस्तुत किया गया है। शेष 46 डी0पी0आर0 तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) जौनपुर को निर्देश दिया गया। साथ ही मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज एवं एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित करने का भी निर्देश अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम( ग्रामीण) को दिया गया।

(1) मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 866 राजस्व ग्रामों में कार्य कराये जाने हेतु कार्य आवंटन किया गया है, जिसमें 355 परियोजनाओं का निर्माण होना है जिसके सापेक्ष पोर्टल पर 325 डी0पी0आर0 का अनुमोदन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। वेलस्पन इण्टर प्राईजेज द्वारा 179 ग्राम पंचायतो में कार्य प्रारम्भ कराते हुए 94 ग्राम पंचायतो मे बोरिंग का कार्य पूर्ण करा लिया गया है शेष 176 ग्रामों में अद्यतन कार्य प्रारम्भ न कराया जाना विभाग की शिथिलता का द्योतक है। मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राईजेज को ग्रामों में 500 कनेक्शन प्रतिदिन कराये जाने का निर्देश दिया गया था किन्तु कनेक्शन आवटंन में शिथिलता का संज्ञान लेते हुए प्रतिनिधि को निर्देश दिया जाता है कि प्रगति में अपेक्षित सुधार लाते हुए समस्त ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारम्भ कराते हुए शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराया जाय तथा एफ0एच0टी0सी0 में शतप्रतिशत कनेक्शन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(कार्यवाही-अधिशासी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण)

Scanned with CamScanner

(2) मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फारट्रक्चर के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 2287 राजस्व ग्रामो मे कार्य कराये जाने हेतु आवंटन किया गया है, जिसमें 864 परियोजना का निर्माण होना है जिसके सापेक्ष पोर्टल पर 796 डी0पी0आर0 का अनुमोदन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। मेसर्स एफ0कान0 इन्फारट्रक्चर द्वारा 169 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है जिसमे से 104 परियोजनाओ पर बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। कार्य की प्रगति में तेजी लाकर शेष परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया जाय। तथा 15 दिन के अन्दर निर्माणाधीन परियोजनाओं पर कम से कम 1000 कनेक्शन प्रतिदिन किये जाने का निर्देश दिया गया।

(कार्यवाही– मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फारट्रक्चर एवं डी0पी0एम0यू0)

(3) अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंन्सी (आई0एस0ए0) जौनपुर के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज के द्वारा किये जा रहे कनेक्शन मे किसी भी समस्या आने पर समस्या का निदान किया जाय।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंन्सी)

(4) समीक्षा बैठक मे जिला समन्वयक, डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि स्थापित करायी गयी टंकी एवं कनेक्शन का स्थलीय सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी एवं अवर अभियन्ता जल निगम के साथ संयुक्त रूप से करने का निर्देश दिया गया तथा खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पेयजल परियोजनाओ का स्थलीय सत्यापन करते हुए ग्राम वासियो द्वारा पेयजल परियोजनाओ मे कार्मिकों की नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध मे फैलाई जा रही अफवाहों का समाधान/निराकरण ग्राम स्तरीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– डी0पी0एम0यू0 एवं खण्ड विकास अधिकारी)

(5) उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा स्किल मैन पावर के अन्तर्गत विकास खण्डों मे प्रशिक्षण का कार्य कराया जा रहा है जिसमे 13 विकास खण्डों मे प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण हो गया है शेष विकास खण्डों मे प्रशिक्षण कार्य नही कराया गया है। निर्देश दिया जाता है कि शीघ्रातिशीघ्र शेष विकास खण्डों मे प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न कराया जाये। खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित कर लें कि ग्रामों में प्रशिक्षण हो गया है अथवा नही ? प्रशिक्षण के समय अवर अभियन्ता जलनिगम तथा डी0पी0एम0यू0 के प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

(कार्यवाही– अ0अ0 उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/ख0 वि0 अ0/उद्यमिता विकास संस्थान/ डी0पी0एम0यू0 )

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की प्रगति से समस्त कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया जाता है कि समयान्तर्गत कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाय तथा उपरोक्त निर्देशो का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

जिलाधिकारी
जौनपुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी,जौनपुर।

पत्रांक 2094(क)/का0वि0/जल जीवन/2022–23 दिनांक 25 जनवरी 2023

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
2– जिला विकास अधिकारी, जौनपुर।
3– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) जौनपुर।
4– समस्त खण्ड विकास अधिकारी जौनपुर।
5– मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि ।
6– मेसर्स एफ0कान0 इन्फारट्रक्चर के प्रतिनिधि।
7– जिला समन्वयक डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट (डी0पी0एम0यू0) के प्रतिनिधि।
8– डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेप्ट (टी0पी0आई0) के प्रतिनिधि।
9– समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंन्सी (आई0एस0ए0) जौनपुर।

25.1.23

जिलाधिकारी
जौनपुर।

Scanned with CamScanner